दूरभाष: / Ph. : 0532–2569727

# क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
# REGIONAL OFFICE, U. P. POLLUTION CONTROL BOARD

आवास विकास परिषद कालोनी, सेक्टर–10, योजना संख्या–3, झूँसी, प्रयागराज – 221506
Avas Vikas Parishad Colony, Sector-10, Scheme No. 3, Jhunsi, Prayagraj

संदर्भ सं0 ६०२०५३ / P- 123/2019

दिनांक 01/11/2019

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी (आयुध),
कार्यालय जिलाधिकारी,
फतेहपुर। 2/2601

पेपरीक्षा

विषयः श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर निवासी 25ए दक्षिणी गौतम नगर आई0टी0आई0 रोड फतेहपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम सारीपुर बेरा तहसील सदर जनपद फतेहपुर की गाटा सं0 204 फतेहपुर–लालगंज रोड एन0एच0–235 (ओल्ड एनएच–232) पर मेसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 साकेत नगर हमीरपुर रोड, कानपुर नगर द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु जांच आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट फतेहपुर के पत्रांक मेमो/20–विविध/आयुध/2019 दिनांक 07.09.2019 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से प्रस्तावित स्थल का ब्लूप्रिंट मानचित्र संलग्न कर श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर निवासी 25ए दक्षिणी गौतम नगर आई0टी0आई0 रोड फतेहपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम सारीपुर बेरा तहसील सदर जनपद फतेहपुर की गाटा सं0 204 फतेहपुर–लालगंज रोड एन0एच0–235 (ओल्ड एनएच–232) पर मेसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 साकेत नगर हमीरपुर रोड, कानपुर नगर द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने संबंधी आख्या चाही गयी है।

उपरोक्त के संबंध में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनांक 21.10.19 को किया गया। प्रस्तावित स्थल के प्राप्त प्रस्ताव एवं संलग्नक के परीक्षणोंपरान्त संदर्भित रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु परिसंकटमय रसायनों के विनिर्माण, भण्डारण एवं आयात नियम 2016 के प्राविधानों के समुचित अनुपालन में दुर्घटना की स्थिति से निपटने हेतु पर्याप्त अग्निशमन संयंत्र की व्यवस्था, आकस्मिक दुर्घटना से निपटान हेतु इमरजेन्सी नम्बर से संबंधित डिस्प्ले बोर्ड की व्यवस्था, स्थल के आस पास ईधन/ज्वलनशील पदार्थो के दहन को रोकने की व्यवस्था, आकस्मिक दुर्घटना से निपटने की सुरक्षा रिपोर्ट एक माह में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाना उचित होगा। रिटेल आउटलेट के भण्डारण एवं बिक्री के प्रयोग से किसी प्रकार का औद्योगिक उत्प्रवाह जनित नहीं किया जायेगा तथा घरेलू जल/मल के निस्तारण हेतु उपयुक्त क्षमता का सेप्टिक टैंक/सोकपिट की स्थापना करना, स्थल पर यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक इनक्लोजर एवं मानकों के अनुरूप चिमनी की व्यवस्था सुनिश्चित कराया जाने की शर्त लगाया जाना उचित होगा।

अतएव उक्त बिन्दुओं का अनुपालन किये जाने की शर्तो के साथ उपरोक्त लिखित भूखंण्ड एवं पते पर नये रिटेल आउटलेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रदान करने पर विचार किया जाना उचित होगा।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(जे0बी0 सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी

SIDDHARTH JAIN
Chief Regional Manager
Kanpur Retail Regional Office
Hindustan Petroleum Corporation Limited

**श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर निवासी 25ए दक्षिणी गौतम नगर आई0टी0आई0 रोड फतेहपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम सारीपुर बेरा तहसील सदर जनपद फतेहपुर की गाटा सं0 204 फतेहपुर–लालगंज रोड एन0एच0–235 (ओल्ड एनएच–232) पर मेसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 साकेत नगर हमीरपुर रोड, कानपुर नगर द्वारा नये रिटेल आउटलेट की स्थापना के संबंध में अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु अनापत्ति जांच आख्या संबंधी निरीक्षण आख्याः–**

उपरोक्त संदर्भित स्थल का निरीक्षण दिनांक 21.10.2019 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय उद्योग प्रतिनिधि के रूप में श्री बरदानी सिंह उपस्थित थे। निरीक्षण आख्या निम्नवत हैः–

- प्रस्तावित स्थल पर रिटेल आउट लेट का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित स्थल पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जाता पाया गया।
- प्रस्तावित रिटेल आउट लेट का स्थल श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर निवासी 25ए दक्षिणी गौतम नगर आई0टी0आई0 रोड फतेहपुर के पक्ष में भूमि स्थित ग्राम सारीपुर बेरा तहसील सदर जनपद फतेहपुर की गाटा सं0 204 फतेहपुर–लालगंज रोड एन0एच0–235 (ओल्ड एनएच–232) पर है।
- प्रस्तावित रिटेल आउट लेट की स्थापना हेतु स्थल का कुल क्षेत्रफल 1800 वर्ग मी0 है।

प्रस्तावित रिटेल आउट लेट के चारों ओर के ग्राम व आबादी की स्थिति निम्नवत् हैः–

पूरब दिशा – खाली जगह।
पश्चिम दिशा – लखनऊ–फतेहपुर मार्ग लगभग 50 मी0 की दूरी पर।
उत्तर दिशा – लगभग 1.0 किमी की दूरी पर बेरागढ़ीवा ग्राम।
दक्षिण दिशा – लगभग 2.0 किमी की दूरी पर चौफेरवा ग्राम।

उपरोक्त बिन्दु के अनुसार रिटेल आउट लेट की स्थापना हेतु स्थल उचित प्रतीत होता है अतः प्रस्तावित स्थल पर रिटेल आउट लेट की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की संस्तुति सहित आख्या आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

01/11/19

(प्रदीप कुमार विश्वकर्मा)
**सहायक वैज्ञानिक अधिकारी**

<u>क्षेत्रीय अधिकारी महोदय</u>

01/11

**SIDDHARTH JAIN**
**Chief Regional Manager**
**Kanpur Retail Regional Office**
**Hindustan Petroleum Corporation Limited**